# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 10.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर “, अमर उजाला, दैनिक जागरण, आज, हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण आईनेक्स्ट, ज्ञानशिखा टाइम्स, जनसंदेश टाइम्स, काशीवार्ता, परफेक्ट मिशन, न्यायाधीश, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 10.01.2025

### लालपुर में बनेगा कम्युनिटी सेंटर

**वाराणसी।** वीडीए लालपुर में लैंडमार्क टावर थ्री के पीछे जमीन पर जी प्लस फोर कम्युनिटी सेंटर व लाइब्रेरी का निर्माण कराएगा। इस सेंटर में हर प्रकार की सुविधाएं आम जनता को उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही लाइब्रेरी में भी सभी प्रकार की पुस्तकों को रखा जाएगा। पिछले दिनों हुई बैठक में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मातहतों को निर्देश दिए थे। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 10.01.2025

### 20 बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त, 9 निर्माण सील

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से बृहस्पतिवार को 20 बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त करवाई गई और 9 अवैध निर्माण सील किए गए। वार्ड मुगलसराय के बिलारिहडीह रंगोली अलीनगर में 20 बीघे में अवैध तरीके से प्लाटिंग की जा रही थी। जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश की निगरानी में कार्रवाई की गई।

सारनाथ वार्ड में नीरज पांडेय ने फरीदपुर में बगैर नक्शा के हो रहे अवैध निर्माण को सील कराया। बरियासनपुर संदहा में विजय ने अवैध निर्माण सील किया। रमेश यादव ने महनपुरा रिंग रोड सारनाथ के पास अवैध निर्माण सील कराए। उधर वीडीए के अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा ने शिवपुर वार्ड के शिवपुर बाईपास रोड भगतपुर, वाराणसी रिंग रोड, माधोपुर, हरिहरपुर, सरसवां, अहमदपुर, दान्दूपुर, , मकबूल आलम रोड हमरौटिया, सुद्धीपुर शिवपुर के 11 स्थलों का निरीक्षण किया। मौके पर 6 निर्माण सील कराए। जोनल अधिकारियों को हिदायत दी कि जांच कर अवैध निर्माण सील कराएं। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## अमर उजाला–दि0 10.01.2025

### वीडीए में असि नदी के जीर्णोद्धार पर हुई चर्चा

**वाराणसी।** वीडीए और बीएचयू आईआईटी की ओर से असि नदी के जीर्णोद्धार के लिए बृहस्पतिवार को वीडीए सभागार में बैठक हुई। इसमें परियोजना के ड्राइंग, डिजाइन, डीपीआर और कंप्रिहेंसिव एक्शन प्लान पर चर्चा की गई। जल आपूर्ति और सीवरेज नेटवर्क के लिए वर्तमान और भविष्य की योजनाएं, नदी में मौजूदा सीवरेज प्रवाह को रोकने की योजना, विभिन्न विभागों के बीच समन्वित योजना बनाने के प्रयास पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान सभी विभागों ने परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और समन्वय स्थापित करने के लिए अपने-अपने विचार साझा किए। जिससे अस्सी नदी के जीर्णोद्धार कार्य को सही दिशा में आगे बढ़ाया जा सके। बैठक का उद्देश्य परियोजना के कार्यों के सुचारु, समयबद्ध सम्पादन, बेहतर समन्वय और प्रभावी प्रबंधन पर चर्चा करना था। बैठक में अनुज शर्मा, रोहित रैना, जलकल, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण और शहरी), सिंचाई विभाग (बांध खंड) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## दैनिक जागरण–दि0 10.01.2025

### रविदास पार्क आने वालों से वीडीए ने की 25 लाख से अधिक की वसूली

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** सुविधाएं अगर उपलब्ध हों तो लोग टिकट लेकर भी पार्क में घूमने-टहलने पहुंचते हैं। इसी का परिणाम है कि रविदास पार्क में विकास प्राधिकरण ने बीते अप्रैल से दिसंबर तक रिकार्ड 2508214 रुपये की आय की। पार्क में घूमने के लिए रविदास पार्क में 99849 लोग आए। इसमें बच्चों की संख्या 825 रही।



नगवा स्थित रविदास पार्क● जागरण



पड़ाव स्थित पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल।

इसी प्रकार पड़ाव स्थित पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल पर आठ महीनों में 18,885 आगंतुक आए। इन आगंतुकों से 401400 रुपये की आय हुई। यह इन पार्कों की लोकप्रियता को दर्शाता है। वीडीए ने नगवां में रविदास पार्क और पड़ाव में पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल का निर्माण कराया। दोनों स्थानों पर प्रवेश के लिए टिकट लगाया गया। इसमें पुरुष और महिला को 10 रुपये प्रवेश शुल्क देना होता है। वहीं पांच साल तक के बच्चों को छूट है।

रविदास स्मारक पार्क का मुख्य आकर्षण संत रविदास की भव्य मूर्ति और प्रकाश व संगीत के समन्वय वाले फव्वारे हैं। पार्क में हरे-भरे लान, सुंदर फूलों की क्यारियां और पक्के रास्ते इसकी शोभा बढ़ाते हैं। पार्क में बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और पार्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए झूले और खेलने के स्थान बनाए गए हैं। ये आगंतुकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करते हैं।

इसी प्रकार पंडित दीनदयाल स्मृति स्थल का मुख्य आकर्षण यहां स्थापित दीनदयाल उपाध्याय की भव्य 63 फीट की मूर्ति और मनोरम फव्वारे हैं। पार्क में बागवानी, लान और पक्के रास्ते खास हैं। यहां एक ओपन थिएटर सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए एक बेहतरीन स्थान प्रदान करता है।

## दैनिक जागरण—दि0 10.01.2025

### वीडीए ने 20 बीघा अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

संवाद सूत्र, जागरण: नियामताबाद (चंदौली) : विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-पांच की प्रवर्तन टीम ने गुरुवार को बिलारीडीह, रंगोली (गगहरा) में लगभग 20 बीघा में अवैध तरीके से किए जा रहे प्लाटिंग को को ध्वस्त किया। वीडीए के इस कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग करने वालों में खलबली मच गई। जोनल अधिकारी ने आम जनमानस से अपील की कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लाट ही खरीदें।

मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें, अन्यथा प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीम में गौरव जयप्रकाश, अवर अभियंता अशोक कुमार यादव थे।


## दैनिक जागरण—दि0 10.01.2025


### हाकी को समर्पित रहेगा फुलवरिया फोरलेन चौराहा

संवाद सहयोगी, जागरण, वाराणसी: फुलवरिया फोर लेन तिराहा-सेंट्रल जेल मार्ग पर वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा चौराहा विकसित किया जा रहा है। यह हाकी को समर्पित होगा। चौराहे के बीचो-बीच सात मीटर ऊंची दो हाकी स्टिक लगाई जाएगी। यह बनारस के हाकी खिलाड़ियों के गौरव का अहसास कराएगी।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि फुलवरिया फोर लेन चौराहा खेल को समर्पित किया गया है। चौराहे के बीचो-बीच सात मीटर ऊंची हाकी स्ट्रीट के साथ ही किनारों पर हाकी के विभिन्न पोज को दर्शाते चित्र होंगे जो रोशनी से जगमग दिखेंगे। चौराहे का नामकरण नगर निगम द्वारा किया जाएगा। तिराहे से कुछ दूरी पर ही मिनी स्टेडियम है। वहां पर भी वीडीए की कायाकल्प योजना के तहत खेल को ध्यान में रखकर कार्य कराए जा रहे हैं।

## दैनिक जागरण–दि0 10.01.2025

### बिलारिह डीह में 20 बीघा की प्लाटिंग को वीडीए ने तोड़ा

जागरण संवाददाता, वाराणसी: आम आदमी को स्वीकृत मानचित्र वाली प्लाटिंग में मकान बनाने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विकास प्राधिकरण प्रतिबद्ध है। इस कारण लगातार अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को वीडीए की प्रवर्तन टीम ने चंदौली के थाना-अलीनगर के मौजा-बिलारिह डीह, रंगोली (गगहरा) में 20 बीघा की प्लाटिंग को तोड़ दिया। साथ ही वहां अवैध प्लाटिंग का बोर्ड लगा दिया गया। कार्रवाई में जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियंता अशोक कुमार यादव व प्रवर्तन दल व पुलिस बल शामिल रहे।



अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करता बुलडोजर

**नौ अवैध निर्माण पर की गई कार्रवाई** : वीडीए की टीम ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए बिना नक्शा के बन रहे नौ निर्माण कार्यों पर कार्रवाई की। सारनाथ क्षेत्र में नीरज पांडेय द्वारा फरीदपुर में भू-तल का निर्माण कर प्रथम तल पर बिना स्वीकृति मानचित्र के निर्माण किया जा रहा था। उसे सील कर दिया गया। इसी प्रकार बरियासनपुर संदहा में 100 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में जी 1 तल के अवैध निर्माण को, रमेश यादव द्वारा महनपुरा चौराहा रिंग रोड के पास बन रहे अवैध निर्माण को सील किया गया। इस कार्रवाई में जोनल अधिकारी श्रीप्रकाश कुमार, अवर अभियंता वर्तिका दुबे की टीम शामिल रही। इसी प्रकार अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने वार्ड-शिवपुर क्षेत्र के बाईपास रोड भगतपुर, रिंग रोड, माधोपुर, हरिहरपुर, सरसवां, अहमदपुर सरसवां, दांदुपुर, शिवपुर बाईपास रोड, मकबूल आलम रोड हमरौटिया व सुद्धीपुर शिवपुर कुल 11 स्थलों का निरीक्षण किया गया।

## आज–दि0 10.01.2025

### दर्जनभर मकान हुए सील, प्लाटिंगपर हुआ ध्वस्तीकरण

विप्रा उपाध्यक्षके निर्देशपर अपर सचिव गुडकेश शर्माने गुरुवारको दर्जनों जगह भवन निर्माणका निरीक्षण करते हुए छह निर्माणोंको सील कर दिया। अपर सचिवने शिवपुर बाईपास रोड स्थित भगतपुर, रिंग रोड माधोपुर, हरिहरपुर, सरसवां, अहमदपुर, दांदूपुर, शिवपुर बाईपास, मकबूल आलम रोड हमरौटिया और सुद्धीपुरमें लगभग ११ स्थानोंपर बिना मानचित्र स्वीकृतिके भवन निर्माणकी तैयारी की जा रही थी। इसमें आधा दर्जन भवनोंको तत्काल सील कर दिया गया। शेष निर्माण कार्योंपर अपर सचिवने निर्देश दिया कि मानचित्र स्वीकृत न करानेपर इन लोगोंके विरुद्ध काररवाई की जाय। इन क्षेत्रोंमें भारी संख्यामें अधिकारी और पुलिसके चक्रमणसे लोगोंमें अफरा-तफरीं मच गयी। खासकर ऐसे लोगोंमें जिन्होंने बिना मानचित्रका भवनका निर्माण शुरू करा दिया था। निरीक्षणमें अपर सचिवके अलावा जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, प्रिया अग्रहरि, क्षेत्रीय सुपरवाइजर, स्थानीय पुलिस और प्रवर्तन दलके कर्मचारी मौजूद थे। गुरुवारको आधा दर्जनसे ज्यादा स्थानोंपर ध्वस्तीकरण और सीलिंगकी काररवाई की गयी है। वार्ड मुगलसराय मौजा विल्हारीडीहमें लगभग बीस बिस्वा जमीनपर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। शिकायत मिलनेके आधारपर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता अशोक कुमार यादव, क्षेत्रीय सुपरवाइजर और संबंधित थानेकी पुलिसकी देखरेखमें प्रवर्तन दलने जेसीबी के माध्यमसे प्लाटिंगपर हुए निर्माणको ध्वस्त कर दिया। इसी प्रकार वार्ड सारनाथके फरीदपुरमें भवन स्वामी नीरज पाण्डेयने बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण कार्य कर रहे थे। यहींपर मौजा बरियासपुर संदहा वार्ड सारनाथमें भवन स्वामी विजय बिना मानचित्र स्वीकृतके भवनका निर्माण करा रहे थे। सारनाथके महनपुरा चौराहेपर भवन स्वामी रमेश यादव बिना मानचित्र स्वीकृत कराये भवनका निर्माण कर रहे थे। मौकेपर पहुंचे जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार, अवर अभियन्ता वर्तिका दुबेने तीनों भवनोंको सील करनेके बाद सारनाथ पुलिसकी अभिरक्षामें इसको सौंप दिया।

हिन्दुस्तान–दि0 10.01.2025

## असि नदी के जीर्णोद्धार के एक्शन प्लान पर मंथन

वाराणसी। असि नदी के जीर्णोद्धार के संबंध में बुधवार को आईआईटी बीएचयू में बैठक हुई। वीडीए जल निगम, सिंचाई विभाग, जलकल के अधिकारियों के साथ असि के जलग्रहण क्षेत्र में सीवर लाइन बिछाने पर चर्चा हुई। आईआईटी के विशेषज्ञों ने परियोजना की ड्राइंग, डिजाइन समेत एक्शन प्लान साझा किया गया। अर्नस्ट ऐंड यंग एजेंसी से रोहित रैना, वीडीए के एई अनुज शर्मा रहे।

हिन्दुस्तान–दि0 10.01.2025

## अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

नियामताबाद। वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से गुरुवार को पीडीडीयू नगर तहसील क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की गई। बिलारीडीह, रंगौली और गंगेहरा के सिवान में 20 बीघा जमीन पर अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनियों पर बुलडोजर चला। जोंनल अधिकारी गौरव जयप्रकाश और अवर अभियंता अशोक कुमार यादव ने पहुंचकर कार्रवाई की।

हिन्दुस्तान–दि0 10.01.2025

## विकास प्राधिकरण टीम ने अतिक्रमण कराया ध्वस्त

नियामताबाद, हिन्दुस्तान संवाद। वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से गुरुवार को पीडीडीयू नगर तहसील क्षेत्र में अवैध कालोनाइजरों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिसमें बिलारीडीह, रंगौली और गंगेहरा के सिवान में करीब 20 बीघा जमीन पर अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनियों पर बुलडोजर चला। इससे पीडीडीयू नगर और आसपास के क्षेत्र के कालोनाइजरों में हड़कंप मचा रहा।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश और अवर अभियंता अशोक कुमार यादव अधीनस्थों व पुलिस बल के साथ क्षेत्र के बिलारीडीह के सिवान में नेशनल हाइवे के किनारे स्थित विकसित हो रही कॉलोनी में पहुंचे। जहां कार्यालय पर ताला लगा था। साथ ही वहां कोई भी कर्मचारी नहीं मिला। जिसे जेसीबी से जमींदोज कर दिया गया। इसके बाद वीडीए टीम गंगेहरा और रंगौली गांव के सिवान में पहुंची। जहां अवैध तरीके से विकसित हो रही कालोनी के कार्यालय और प्लॉटों की बाउंड्री को भी ध्वस्त किया गया। वीडीए की इस कार्रवाई से कालोनाइजरों में हड़कंप मच रहा।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com



दैनिक जागरण आईनेक्स्ट–दि0 10.01.2025


# सौगात: फुलवरिया में बनेगा स्पोर्ट्स तिराहा



GOOD NEWS

**वीडीए चौराहों-तिराहों पर देगा खेलों को बढ़ावा**

**नगर निगम ने ककरमत्ता फ्लाईओवर के नीचे बनाया है गेम जोन**



कुछ इस तरह बनकर तैयार होगा फुलवरिया तिराहा.

varanasi@inext.co.in

**VARANASI (9 Jan):** सिटी के चार चौराहे और तिराहे स्पोर्ट्स को बढ़ावा देंगे. इनमें फुलवरिया तिराहा, शिवपुर तिराहा, सारनाथ चौराहा और चंद्रा चौराहा शामिल हैं. प्रियॉरिटी के तौर पर फुलवरिया तिराहे को खेल तिराहा बनाने का कार्य भी शुरू हो चुका है. इस तिराहे को भव्य डेवलप करने के बाद शिवपुर तिराहे पर कार्य शुरू होगा.

### ध्यानचंद को समर्पित

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया, वरुणा पार जोन खिलाड़ियों के नाम से प्रसिद्ध है. इस एरिया से कई ऐसे प्लेयर हुए, जिन्होंने देश ही नहीं विदेशों में भी बनारस का नाम रोशन किया. इसको देखते हुए वाराणसी विकास प्राधिकरण ने उनके नाम से तिराहे और चौराहे को डेवलप करने का कार्य शुरू कर दिया है. फुलवरिया तिराहे पर भव्य गोलंबर बनाया जा रहा है. इसके बाद 7-7 मीटर ऊंची दो हॉकी की स्टिक और बाल भी लगाई जाएंगी, जिससे देखने में काफी भव्य लगेगा. निर्माण होने के बाद वीडीए इस चौराहे को मेजर ध्यान चंद के नाम समर्पित कर देगा.



### तिराहे भी होंगे डेवलप

सेंट्रल जेल रोड-लहरतारा-फुलवरिया तिराहे को डेवलप करने के बाद वीडीए शिवपुर तिराहे को डेवलप करेगा. इस तिराहे को भी स्पोर्ट्स प्लेयर के नाम से डेवलप किया जाएगा. गोलंबर बनाकर तिराहे के पास गेम्स को उकेरा जाएगा. सके बाद चन्द्रा चौराहा को भी खेल चौराहे के नाम से डेवलप किया जाएगा.

**162** वर्ग मीटर में बालीवॉल कोर्ट का निर्माण

### खेल तिराहे की खासियत

**7-7** मीटर ऊंची बनाई जाएंगी हॉकी स्टिक.

**2** बड़ी-बड़ी बाल बनाई जाएंगी. गोलांबर के चारों तरफ फूल-पौधे लगाए जाएंगे.

**यहां बनेंगे स्पोर्ट्स तिराहा**

- शिवपुर
- चंद्रा चौराहा
- सारनाथ चौराहा

**यहां गेम जोन**

ककरमत्ता फ्लाई ओवर के नीचे नगर निगम की ओर से गेम जोन बनाया गया है. यहां बुक स्टॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, पार्किंग, कैरम, चेस और लूडो खेल सकते हैं.

### जेपी मेहता से लेकर शिवुपर तक डिवाइडर

वीडीए जेपी मेहता तिराहे से लेकर शिवपुर तक डिवाइडर को डेवलप कर रहा है. इसमें फूल-पत्तियों के अलावा पेंटिंग का कार्य भी किया जा रहा है. बीच गंगा की लहरों की तरह क्राफ्ट भी बनाया गया है.


### शिवपुर मिनी स्टेडियम भी हो रहा डेवलप

शिवपुर मिनी स्टेडियम हॉकी प्लेयर ओलंपियन विवेक सिंह स्टेडियम के नाम से जाना जाता है. विकास प्राधिकरण अब इसके कायाकल्प की भी तैयारी में जुट गया है. स्टेडियम में प्रस्तावित सुविधाओं में हॉकी और फुटबॉल के लिए उच्चस्तरीय फील्ड का निर्माण, 162 वर्ग मीटर में बालीवॉल कोर्ट का निर्माण, क्रिकेट प्रैक्टिस नेट की सुविधा, लगभग 200 वर्ग मीटर में इनडोर गेम्स हॉल, ओपन जिम के निर्माण की योजना पर मुहर लग गई है. महिला और पुरुष खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम, शौचालय बनाए जाएंगे. स्वास्थ्य और मनोरंजन के क्षेत्र में 358 मीटर लंबा और 3 मीटर चौड़ा यॉकिंग ट्रैक (1.20 मीटर पक्का और 1.80 मीटर कच्चा) होगा. 50 व्यक्तियों के लिए सेमी-कवर्ड योग पवेलियन बनेगा. दर्शकों के लिए सुविधाओं में खेल प्रतिस्पर्धाओं को और अधिक रोमांचक बनाने के लिए 250 दर्शकों के बैठने की क्षमता वाला स्टैंड बनेगा.

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 10.01.2025

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव ने ग्यारह स्थलों का किया निरीक्षण

वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 जोनल



अधिकारी, श्री शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, सुश्री प्रिया अग्रहरि एवं प्रवर्तन दल के साथ वार्ड-शिवपुर क्षेत्रांतर्गत शिवपुर बाईपास रोड भगतपुर, वाराणसी रिंग रोड माधोपुर, हरिहरपुर सरसवॉं, अहमदपुर सरसवॉं, दान्दूपुर, शिवपुर बाईपास रोड मकबूल आलम रोड हमरौटिया एवं सुद्धीपुर शिवपुर कुल 11 स्थलो की निरीक्षण किया गया जिनमे से मौके पर बिना मानचित्र अथवा स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर निर्माणाधीन 06 प्रकरणों को मौके पर ही सील की कार्यवाही की गयी व निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्रश्नगत स्थलों पर भवन स्वामियों द्वारा व्यावसायिक उपयोग हेतु निर्माण किया जा रहा था। जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त के अतिरिक्त अवशेष हो रहे अनधिकृत निर्माणों की जॉंच कर लें। यदि निर्माणकर्ताओं द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण किया जा रहा है, तो गतिमान निर्माणों को रूकवाते हुये निर्माणकर्ताओं से मानचित्र दाखिल कराना सुनिश्चित करें।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 10.01.2025

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के विकसित पार्क ने रिकॉर्ड संख्या में आगंतुकों का किया स्वागत

वाराणसी। विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा विकसित संतगुरू रविदास स्मारक पार्क में अप्रैल



2024 से दिसम्बर 2024 तक आगंतुकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस अवधि में पार्क ने कुल 99,849 आगंतुकों का स्वागत किया, जिसमें से 99,024 वयस्क और 825 बच्चे एवं किशोर थे। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है, जो पार्क की लोकप्रियता को दर्शाता है। आगंतुक संख्या में भारी वृद्धि से आय में भी बढ़ोतरी हुई है।

संतगुरू रविदास स्मारक पार्क का मुख्य आकर्षण यहां स्थापित संतगुरू रविदास की भव्य मूर्ति और संगीत फव्वारे हैं, जो दिन-रात के मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करते हैं। इन फव्वारों में प्रकाश और संगीत का समन्वय आगंतुकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है, जिससे वे बार-बार पार्क आने के लिए प्रेरित होते हैं। इसके अलावा, पार्क में हरे-भरे लॉन, सुंदर फूलों की क्यारियां और पक्के रास्ते इसकी शोभा बढ़ाते हैं। पार्क में आगंतुकों की सुविधा के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, और पार्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए विशेष रूप से झूले और खेलने के स्थान बनाए गए हैं। पार्क में नियमित रूप से स्वच्छता और रखरखाव का कार्य किया जाता है, जिससे यहां का वातावरण सदा स्वच्छ और आकर्षक बना रहता है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 10.01.2025

वाराणसी । विकास प्राधिकरण (वी.डी.ए.) द्वारा आई.आई.टी. बी.एच.यू., वाराणसी के सहयोग से अस्सी नदी के जीर्णोद्धार हेतु प्रस्तावित कार्य के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आई.आई.टी. बी.एच.यू. में किया गया। यह बैठक नदी जीर्णोद्धार परियोजना के ड्राइंग, डिजाइन, डी.पी.आर. और व्यापक क्रियावली योजना के प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित की गई। बैठक में जलकल, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण और शहरी), और सिंचाई विभाग (बांध खंड) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य परियोजना के कार्यों के सुचारू एवं समयबद्ध सम्पादन, बेहतर



समन्वय और प्रभावी प्रबंधन पर चर्चा करना था।बैठक में मुख्य विषयों पर विचार विमर्श किया गया।जल आपूर्ति और सीवरेज नेटवर्क के लिए वर्तमान और भविष्य की योजनाएँ नदी में मौजूदा सीवरेज प्रवाह को रोकने की योजना विभिन्न विभागों के बीच समन्वित योजना बनाने का प्रयास आई.आई.टी. बी.एच.यू. द्वारा विभागीय परियोजनाओं के अनुरूप Comprehensive Action Plan तैयार करना बैठक में उपस्थित प्रमुख सदस्य सहायक भयानता, वी.डी.ए., श्री अनुज शर्मा इ. वाई. कंसल्टेंट के श्री रोहित रैना बी.एच.यू. आई.आई.टी. के सदस्य जलकल एवं जलनिगम के सदस्य इस बैठक के दौरान सभी विभागों ने मिलकर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और समन्वय स्थापित करने के लिए अपने-अपने विचार साझा किए, जिससे अस्सी नदी के जीर्णोद्धार कार्य को सही दिशा में आगे बढ़ाया जा सके।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


जनसंदेश टाइम्स–दि0 10.01.2025

# अस्सी नदी के जीर्णोद्धार के प्रस्ताव की समीक्षा



जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। वीडीए द्वारा आई.आई.टी. बी.एच.यू., वाराणसी के सहयोग से अस्सी नदी के जीर्णोद्धार हेतु प्रस्तावित कार्य की समीक्षा की गई। आई.आई. टी. बी.एच.यू. में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में डी.पी.आर.और व्यापक क्रियावली योजना की जहां विस्तृत एक्शन प्लान के प्रगति की समीक्षा की गई, वहीं जलापूर्ति और सीवरेज प्रवाह को रोकने की योजना के साथ नेटवर्क के लिए वर्तमान और भविष्य के योजनाओं पर विचार-विर्मश भी किया गया। इस दौरान नदी के जीर्णोद्धार परियोजना के ड्राइंग और उसकी डिजाइन को लेकर लोगों ने अपने-अपने सुझाव साझा किया।

## विचार विमर्श

**डीपीआर और व्यापक क्रियावली योजना के विस्तृत ऐक्शन प्लान की प्रगति की समीक्षा**

**जलापूर्ति और सीवरेज नेटवर्क के लिए वर्तमान और भविष्य की योजनाओ पर विचार**

इस अवसर पर जलकल, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण और शहरी), और सिंचाई विभाग (बांध खंड) के प्रतिनिधियों सहित सहायक भयानता, वीडीए के अनुज शमाइ, वाई. कंसल्टेंट के रोहित रैना, बी.एच.यू.आई.आई.टी. के सदस्य, जलकल एवं जलनिगम के सदस्य उपस्थित रहें।

न्यायाधीश–दि0 10.01.2025

## वाविप्रा ने स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर निर्माणाधीन 06 प्रकरणों को मौके पर ही किया सील



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा के निर्देशों के क्रम में 9 जनवरी को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 जोनल अधिकारी, श्री शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, सुश्री प्रिया अग्रहरि एवं प्रवर्तन दल के साथ वार्ड-शिवपुर क्षेत्रांतर्गत शिवपुर बाईपास रोड भगतपुर, वाराणसी रिंग रोड, माधोपुर, हरिहरपुर, सरसवॉं, अहमदपुर सरसवॉं, दान्दूपुर, शिवपुर बाईपास रोड, मकबूल आलम रोड हमरौटिया एवं सुद्धीपुर शिवपुर कुल 11 स्थलों को निरीक्षण किया गया जिनमे से मौके पर बिना मानचित्र अथवा स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर निर्माणाधीन 06 प्रकरणों को मौके पर ही सील की कार्यवाही की गयी। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्रश्नगत स्थलों पर भवन स्वामियों द्वारा व्यावसायिक उपयोग हेतु निर्माण किया जा रहा था। जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त के अतिरिक्त अवशेष हो रहे अनधिकृत निर्माणों की जॉच कर लें। यदि निर्माणकर्ताओं द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण किया जा रहा है, तो गतिमान निर्माणों को रूकवाते हुये निर्माणकर्ताओं से मानचित्र दाखिल कराना सुनिश्चित करें।

न्यायाधीश–दि0 10.01.2025

## वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा की गई अवैध निर्माणों के विरुद्ध सील एवं ध्वस्तीकरण की कार्यवाही





वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में 9 जनवरी को वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-2 वार्ड- सारनाथ के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी और सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। मौके पर जोनल श्री प्रकाश कुमार, अवर अभियंता सुश्री वर्तिका दुबे प्रवर्तन टीम उपस्थित रही। सील बंद कराये गये निर्माणों का विवरण निमन्वत है:- जोन-2 में नीरज पाण्डेय द्वारा फरीदपुर वार्ड-सारनाथ मे लगभग 120 वर्गमीटर मे भू - तल का निर्माण कर प्रथम तल पर बिना स्वीकृति मानचित्र के निर्माण कार्य किये जाने पर अवैध निर्माण को सील किया गया। जोन-2 मे विजय, द्वारा मौजा बरीयासनपुर संदाहा वार्ड- सारनाथ मे लगभग 100 वर्गमीटर के क्षेत्रफल मे जी+1 तल का बिना स्वीकृति मानचित्र के निर्माण कार्य किये जाने पर अवैध निर्माण को सील किया गया। जोन-2 मे रमेश यादव द्वारा महनपुरा चौराहा रिंग रोड के पास वार्ड-सारनाथ मे लगभग 110 वर्गमीटर बी+जी+1 तल का निर्माण पर बिना स्वीकृति मानचित्र के निर्माण कार्य किये जाने पर अवैध निर्माण को सील किया गया। इसी क्रम मे वाराणसी विकास प्राधिकरण जोन-5 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। वार्ड-मुगलसराय, थाना-अलीनगर के अन्तर्गत अज्ञात प्लाटिंगकर्ता द्वारा मौजा-बिलारिह डीह, रंगोली (गगहरा), जिला-चन्दौली मे लगभग 20 बीघा मे अवैध तरीके से किये जा रहे प्लाटिंग को आज दिनांक 09.01.2025 को जोनल अधिकारी के नेतृत्त्व मे प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग ध्वस्त किया गया। इस मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियंता अशोक कुमार यादव प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदे तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## काशीवार्ता–दि0 10.01.2025

# मेजर ध्यानचंद को समर्पित होगा तिराहा

### वीडीए ने शुरू किया प्रोजेक्ट, सेंट्रल जेल रोड–लहरतारा मार्ग पर लगेगी हॉकी स्टिक

वाराणसी (**काशीवार्ता**)। सेंट्रल जेल के रास्ते लहरतारा फ्लाईओवर जाने वाला तिराहा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद को समर्पित होगा। यहां गोलंबर का निर्माण कार्य विकास प्राधिकरण ने शुरू कर दिया है। यह तिराहा वरुणापार इलाके में हॉकी के खिलाड़ियों के प्रेम को दर्शाता है। वरुणपार क्षेत्र ने भारत को चार ओलंपिक खिलाड़ी मो. शाहिद, विवेक सिंह, राहुल सिंह और ललित उपाध्याय जैसे होनहार दिए हैं। ये सभी खिलाड़ी वाराणसी के उदय प्रताप इंटर कालेज के ग्राउंड से निकले हैं। वरुणापार क्षेत्र को खिलाड़ियों की धरती कहा जाता है।हाकी, बास्केटबाल हो या फिर फुटबाल, इस क्षेत्र ने राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। शिवपुर मिनी स्टेडियम ने वाजिद चांद, तौकीर हसन जैसे कई नेशनल फुटबॉल प्लेयर दिए हैं जो देश के अलग अलग राज्यों से आज भी गोल दाग रहे। सिंह सिस्टर्स के नाम से मशहूर बास्केटबाल खिलाड़ी प्रशांति जो महिला टीम की कप्तान भी रह चुकी है और उनकी बहनें भी यूपी कालेज के बास्केटबाल कोर्ट से



प्रस्तावित तिराहा का मॉडल

निकलकर पूरी दुनिया में अपना नाम रोशन किया। भारतीय बास्केटबाल टीम के कप्तान विशेष भृगुवंशी भी यूपी कालेज के ग्राउंड से ही निकले हैं।विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि सेंट्रल जेल रोड जेपी मेहता कालेज मार्ग पर लहरतारा फ्लाईओवर जाने वाले तिराहे को स्पोर्ट्स तिराहा बनाया जा रहा है। गोलंबर के निर्माण के बाद यहां 07 - 07 मीटर ऊंचे दो हाकी स्टिक होंगे जो इस क्षेत्र के खेल प्रेम का प्रतीक होगा। वरुणापार इलाके में खिलाड़ियों को सुविधाएं देने के लिए तमाम योजनाएं शुरू की जा रही है। कोशिश है कि इस क्षेत्र के बच्चों का खेल प्रेम बना रहे, उन्हें खेल के प्रति आकर्षित करने के लिए इलाके में जगह जगह अलग अलग सुविधाएं दी जाएंगी। इस तिराहे से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर शिवपुर मिनी स्टेडियम है जिसे हॉकी प्लेयर ओलंपियन विवेक सिंह स्टेडियम के नाम से जाना जाता है। विकास प्राधिकरण अब इसके कायाकल्प की भी तैयारी में जुट गया है। वीडीए ने योजना को मूर्त रूप देने के लिए प्रस्ताव पास करने के साथ ही धनराशि आवंटित कर दी है। शिवपुर में स्थित मिनी स्टेडियम के कायाकल्प की योजना के तहत स्थानीय नागरिकों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना, और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। स्टेडियम में प्रस्तावित सुविधाओं में हॉकी और फुटबॉल के लिए उच्च स्तरीय फील्ड का निर्माण, 162 वर्ग मीटर में बॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण, क्रिकेट प्रैक्टिस नेट की सुविधा, लगभग 200 वर्ग मीटर में इनडोर गेम्स हॉल, ओपन जिम के निर्माण की योजना पर मुहर लग गई है। महिला और पुरुष खिलाड़ियों के लिए अलग- अलग चेंजिंग रूम, शौचालय होंगे। स्वास्थ्य और मनोरंजन के क्षेत्र में 358 मीटर लंबा और 3 मीटर चौड़ा वॉकिंग ट्रैक (1.20 मीटर पक्का और 1.80 मीटर कच्चा) होगा। 50 व्यक्तियों के लिए सेमी-कवर्ड योग पवेलियन बनेगा। दर्शकों के लिए सुविधाओं में खेल प्रतिस्पर्धाओं को और अधिक रोमांचक बनाने के लिए 250 दर्शकों के बैठने की क्षमता वाला स्टैंड बनेगा।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 10.01.2025

# अपर सचिव ने 11 स्थलों का निरीक्षण किया, छह निर्माण कार्यों को मौके पर ही कराया सील

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को वीडीए के अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन–1 जोनल अधिकारी, शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, प्रिया अग्रहरि एवं प्रवर्तन दल के साथ वार्ड–शिवपुर क्षेत्रांतर्गत शिवपुर बाईपास रोड भगतपुर, वाराणसी रिंग रोड, माधोपुर, हरिहरपुर, सरसवॉं, अहमदपुर सरसवॉं, दान्दूपुर, शिवपुर बाईपास रोड, मकबूल आलम रोड हमरौटिया एवं सुद्धीपुर शिवपुर कुल 11 स्थलों का निरीक्षण किया गया। जिनमें से बिना मानचित्र अथवा स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर निर्माणाधीन 6 प्रकरणों को मौके पर ही सील की कार्यवाही की गयी निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्रश्नगत स्थलों पर भवन स्वामियों द्वारा व्यावसायिक उपयोग हेतु निर्माण किया जा रहा था।

जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त के अतिरिक्त अवशेष हो रहे अनाधिकृत निर्माणों की जॉच कर लें। यदि निर्माणकर्ताओं द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण किया जा रहा है, तो गतिमान निर्माणों को रूकवाते हुये निर्माणकर्ताओं से मानचित्र दाखिल कराना सुनिश्चित करें।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


परफेक्ट मिशन–दि0 10.01.2025

## वीडीए अपर सचिव ने जोन 1 के 11 स्थलों का किया निरीक्षण



**परफेक्ट मिशन**

- शिवपुर वार्ड के छः निर्माण को कराया सील

वाराणसी । वीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश के क्रम में गुरुवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 जोनल अधिकारी, शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, प्रिया अग्रहरि एवं प्रवर्तन दल के साथ वार्ड-शिवपुर क्षेत्रांतर्गत शिवपुर बाईपास रोड भगतपुर, वाराणसी रिंग रोड, माधोपुर, हरिहरपुर, सरसवां, अहमदपुर सरसवां, दान्दूपुर, शिवपुर बाईपास रोड, मकबूल आलम रोड हमरौटिया एवं सुद्धीपुर शिवपुर कुल 11 स्थलो की निरीक्षण किया गया जिनमे से मौके पर बिना मानचित्र अथवा स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर निर्माणाधीन 06 प्रकरणों को मौके पर ही सील की कार्यवाही की गयी ह्य निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्रश्नगत स्थलों पर भवन स्वामियों द्वारा व्यावसायिक उपयोग हेतु निर्माण किया जा रहा था।

जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त के अतिरिक्त अवशेष हो रहे अनधिकृत निर्माणों की जॉच कर लें।यदि निर्माणकर्ताओं द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण किया जा रहा है, तो गतिमान निर्माणों को रूकवाते हुये निर्माणकर्ताओं से मानचित्र दाखिल कराना सुनिश्चित करें।